संख्या-5-482/86-2014-290/2011

प्रेषक,

चन्द्र प्रकाश,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
भूत्तव एवं खनिकर्म, उ0प्र0,
लखनऊ।

भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग लखनऊ दिनांक 11 अप्रैल, 2014

विषय- भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय के अन्तर्गत ज्येष्ठ खान अधिकारी, खान अधिकारी एवं खान निरीक्षक क पदों के सृजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपयुर्क्त विषयक के सम्बनध् में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के अधीन खनन प्रशासन के सुदृढीकरण हेतु ज्येष्ठ खान अधिकारी के 04 पद, पे-बैण्ड 15600-39100 ग्रेड-पे 6600, खान अधिकारी के 22 पद पे-बैण्ड 15600-3900 ग्रेड-पे 5400 एवं खान निरीक्षक के 29 पद पे-बैण्ड 9300-34800 ग्रेड-पे 4600 के पदों को निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों क अधीन श्री राज्यपाल सृजित किये जाने के सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2. ज्येष्ठ खान अधिकारी के 04 पद क्रमशः झॉसी, इलाहाबाद, सोनभद्र और महोबा जनपदों के लिए है। खान अधिकारी के 22 पद क्रमशः आगरा, मथुरा, अलीगढ, झॉसी, इलाहाबाद, जालौन, ललितपुर, फतेहपुर, कौशाम्बी हमीरपुर, बांदा चित्रकूट, बरेली, गौतमबुद्ध नगर सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, लखनऊ, मिर्जापुर, महोबा, बाराबंकी, गोरखपुर, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, उन्नाव, कानपुर नगर, सोनभ्रद, वाराणसी जनपदों क लिए है तथा प्रदेश के समस्त जनपदों में खान निरीक्षक तैनात होगें।

3. उक्त पदों का सृजन 28 फरवरी, 2015 तक के लिए है, जिसकी निरन्तरता आवश्यकतानुसार समय-समय पर बढाई जायेगी।

4. उक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही संगत नियमावली में दिये प्राविधानों के अन्तर्गत की जायेगी।

5. प्रस्तर-1 में सृजित पदों पर होने वाला व्यय आगामी वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-4 के लेखाशीर्षक 2853-अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग-आयोजनेत्तर-02 का विनियमन तथा विकास-03 निदेशन तथा प्रशासन-03 प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में खनन प्रशासन की योजना के अन्तर्गत संगत मानक मद के नामें डाला जायेगा।

6. यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 पत्र संख्या-ई-6-147/दस-2014, दिनांक 11-03-2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

चन्द्र प्रकाश
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

<u>संख्या-482(1)/86-2014 तददिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।

2- निदेशक, वित्तीय एंव सांख्यिकीय, निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

4- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-6

6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एच0एम0झा)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in